# सामूहिक विवाह सामाजिक सुधार का महत्वपूर्ण कदमः डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने ग्राम दाउदखेड़ी में सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होकर 70 नव-दम्पतियों को दिया आशीर्वाद

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश एवं प्रदेशवासियों को परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महाकाल महालोक कॉरिडोर की सौगात के बाद से उज्जैन ने विकास के नित नए आयाम स्थापित किए हैं। उज्जैन को धर्म और धार्मिक पर्यटन का मुख्य केन्द्र बनाया जा रहा है। धर्म ही समाज को एक सूत्र में पिरोता है। सामूहिक विवाह का आयोजन सामाजिक सुधार का महत्वपूर्ण कदम है।**

मुख्यमंत्री दाउदखेड़ी में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कहा कि विवाह का आयोजन सामूहिक रूप से करने से मितव्ययता आती है और वैवाहिक कार्यक्रम के लिए अनावश्यक कर्ज का बोझ नहीं पड़ता है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रत्येक वधु को 49 हजार रूपये एवं आयोजनकर्ता निकाय को प्रति कन्या 6 हजार रूपये प्रदान किये जा रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह आज समाज में परिवर्तन का माध्यम बन रहे हैं, इन आयोजनों के माध्यम से समाज में समरसता और अपनत्व की भावना भी बढ़ रही है। डॉ. यादव ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल 70 नवदंपत्तियों को बधाई एवं आशीर्वाद दिया। डॉ. यादव ने उज्जैन में अखिल भारतीय श्री ब्रह्म भट्ट क्षत्रिय समाज के 38वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 23 नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित करने वाले समाजसेवी राधेश्याम परमार एवं उनकी टीम को सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी। डॉ. यादव ने नव-दम्पत्तियों को उपहार स्वरूप चांदी की पायजेब भेंट की। उन्होंने नव-दम्पत्तियों से चर्चा कर उनके सुखद वैवाहिक मंगलमय जीवन के लिए मंगलकामनाएं दी। समारोह में ब्रह्मभट्ट समाज ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सम्मान किया।



### छह जिलों के सम्मेलनों को वर्चुअली किया संबोधित, परिणय सूत्र में बंधे 2205 जोड़े

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनुष्य जन्म वर्षों के पुण्य का फल है और सनातन संस्कृति में प्रत्येक व्यक्ति को जीवनकाल में 16 संस्कारों से होकर गुजरना होता है। इसमें विवाह संस्कार सबसे बड़ा संस्कार है। अग्नि को साक्षी मानकर 7 फेरों के माध्यम से 7 जन्मों का संकल्प लिया जाता है। डॉ. यादव अक्षय तृतीया पर 6 जिलों में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलनों में शामिल नव दंपतियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल होकर आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज अक्षय तृतीया है और इस दिन जो मिलता है वो हमेशा बढ़ता ही जाता है। जिसका कभी क्षय नहीं हो, वो अक्षय है। उन्होंने छिंदवाड़ा में 929, पन्ना में 915, आनंदधाम शिवपुरी में 80, इंदौर में 121, पंधानिया जिला धार में 80 एवं ग्राम नया गांव जिला हरदा में 80 नव दंपतियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विवाह बंधन में बंध रहे सभी जोड़ों के उज्जवल, सुखद-स्वस्थ जीवन और उनके दीर्घायु होने की कामना की। डॉ. यादव मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत ग्राम परिच्छा पौहरी, जिला शिवपुरी, ग्राम झलारिया, तह. सांवेर, जिला इन्दौर, ग्राम पंधानिया, धरमपुरी, जिला धार, ग्राम नयागांव तह. टिमरनी, जिला हरदा, इनर ग्राउंड (डी.डी.सी कॉलेज) नयापुर रोड, छिंदवाड़ा और ग्राम पंचायत बनौली, कुआंताल धाम, पवई, जिला पन्ना में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलनो में उज्जैन से वर्चुअली शामिल हुऐ। एनआईसी कक्ष उज्जैन में विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा मौजूद थे।

# कपास उत्पादक किसानों को मिलेगा पीएम मित्र पार्क से लाभ, 3 लाख रोजगार होंगे सृजित : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने उमरबन में सामूहिक विवाह सम्मेलन में 2123 नव विवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद




भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान), और नारी सशक्तिकरण के लिए 4 मिशन लॉन्च किए हैं। हितग्राहियों को कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा लाभ दिया जा रहा है।**

युवाओं को रोजगार, लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता, गरीब जरूरतमंदों के निःशुल्क उपचार की व्यवस्था है। जनजातीय क्षेत्रों सहित प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं का जाल बिछाया है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक खेत तक पानी पहुंचाकर प्रदेश के सिंचित रकबे को 55 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 1 लाख हेक्टेयर करना है। उन्होंने कहा कि धार को पीएम मित्र पार्क की सौगात केन्द्र से मिली है। यहां 2100 करोड़ से औद्योगिक पार्क आकार लेगा और लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे। धार अंचल के किसान कपास की खेती करेंगे तो उन्हें भी अधिक लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार के उमरबन में आयोजित सामूहिक विवाह एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### उमरबन में परिणय सूत्र में बंधे 2123 जोड़े

डॉ. यादव ने उमरबन में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधे 2123 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि आज उमरबन की धरती से प्रदेश को कई सौगातें मिली हैं। कन्या विवाह योजना में बेटियों को प्रावधान के अनुसार 49 हजार का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन में कल्याणी विवाह और अन्तर्जातीय विवाह करने पर राज्य सरकार की ओर से 2-2 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है।

### 27 हजार से अधिक संबल हितग्राहियों को 600 करोड़ रूपए अंतरित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में प्रदेश के 27 हजार से अधिक संबल हितग्राहियों को 600 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संबल योजना से जुड़ने वाले सभी परिवारों को मुश्किल समय में सहायता प्रदान करती है। पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड योजना का भी लाभ मिल रहा है। हितग्राहियों का 5 लाख रुपए तक का इलाज फ्री है।

### 1870 करोड़ लागत की धार माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन

डॉ. यादव ने 1870 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली धार माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना एवं धार जिले के लिए 277 करोड़ के लागत से विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने प्रदेश के 85 लाख से अधिक किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त के रूप में 1704.94 करोड़ रुपए की राशि हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे अंतरित की।

### जनजातीय समुदाय के विकास का संकल्प पूर्ण कर रही प्रदेश सरकार

केंद्रीय महिला बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश में केन्द्र की सभी कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में हो रहा है। धार जिले में हर खेत तक पानी पहुंचाने का कार्य हो रहा है। जनजातीय समुदाय के विकास के लिए प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर कृषि विभाग सहित अन्य विभागों की विकास प्रदर्शनी में विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया। कार्यक्रम में डॉ. यादव ने जिला प्रशासन धार की ओर से प्रकाशित देवस्थानम पुस्तक का विमोचन भी किया।

### आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आरोग्यता का है वरदान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आयुष्मान भारत दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने गुणवत्तापूर्ण, सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाई हैं। इससे जनसामान्य का आर्थिक बोझ कम हुआ है, यह उनके लिए एक प्रकार से आरोग्यता का वरदान है। यह योजना स्वस्थ भारत- समृद्ध भारत की संकल्पना को साकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के इस अमूल्य उपहार के लिए प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



# जानापाव में बनेगा परशुराम धाम

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर जिले में महू के निकट जानापाव सनातन संस्कृति के सात चिरंजीवियों में से एक भगवान परशुराम की जन्मस्थली है। भारत भूमि पर यह एक अद्वितीय स्थल है।**

जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा, भगवान परशुराम ने शस्त्र उठाए और अधर्मियों का समूल नाश कर दिया और सनातन संस्कृति की रक्षा की। उन्होंने सनातन समाज को निर्भय होकर जीने का संदेश दिया। डॉ. यादव भगवान परशुराम जयंती पर महू में परशुराम प्रकटोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जानापाव में परशुराम धाम विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री महिला बाल विकास मंत्रालय श्रीमती सावित्री ठाकुर, राज्यसभा सदस्य श्रीमती कविता पाटीदार, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, विधायक गोलू शुक्ला सहित साधु-संत तथा बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे। डॉ. यादव ने कहा कि भारत भूमि पर देवी-देवताओं की कृपा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है। केंद्र सरकार देश की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है। हमारी संस्कृति जियो और जीने दो पर आधारित है। प्रदेश में सनातन संस्कृति के विकास के लिए राज्य सरकार ने गीता भवनों के निर्माण का संकल्प लिया है। राज्य सरकार धर्म और संस्कृति को पुष्पित-पल्लवित करते हुए आगे बढ़ रही है।

**अक्षय तृतीया पर्व की बधाई दीः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर भगवान विष्णु और माँ लक्ष्मी से सभी प्रदेशवासियों पर कृपा बनाए रखने और अक्षय सुख, समृद्धि व प्रसन्नता प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# बेबाक भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा का हार्ट अटैक से निधन

**भोपाल( काप्र )। भारतीय जनता पार्टी के बेबाक प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा का हृदय गति रुक जाने के कारण दुखद निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से पूरे मध्यप्रदेश में शौक के लहर दौड़ गई है।**



नरेंद्र सलूजा बीते दो दिनों से सीहोर के एक रिसॉर्ट में थे। वह यहां पर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। जहां उन्हें सीने में दर्द हुआ तो साथ वाले लोगों ने अस्पताल चलने का आग्रह किया। लेकिन उन्होंने अनसुना करके एसिडिटी की दवाई खाई और इंदौर के लिए रवाना हो गए। सलूजा इंदौर पहुंचे ही थे, कि उन्हें फिर से दिल का दौरा पड़ा और वह अपने घर पर बेहोश होकर गिर पड़े। परिजन फौरन ही उन्हें पास के एक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। गौरतलब है, कि नरेंद्र सलूजा भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से पूर्व कांग्रेस के कद्दावर नेता माने जाते थे, और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के काफी करीबी थे। लेकिन दोनों में हुई अनबन के बाद उन्होंने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया था। भाजपा में शामिल होने के बाद से ही वह प्रतिदिन सोशल नेटवर्किंग साइट के माध्यम से कांग्रेस की सभी गतिविधियों पर नजर रखते थे। और मौका मिलते ही निशाना साधने से नहीं चूकते थे। सलूजा के निधन से इंदौर सहित मध्य प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके चाहने वालों के साथ ही भाजपा नेताओं का उनके आवास पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी ने जताया शोकः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने श्री सलूजा के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### भगोरिया नृत्य, गोंड चित्रकला और नर्मदा परिक्रमा अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की राष्ट्रीय सूची में शामिल


**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगोरिया जनजातीय नृत्य, गोंड जनजातीय चित्रकला और माँ नर्मदा परिक्रमा का भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की राष्ट्रीय सूची में सम्मिलित होना प्रदेशवासियों के लिए हर्ष और गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए जनजातीय संस्कृति एवं कला के संरक्षण के लिए समर्पित सभी लोगों तथा जीवनदायिनी माँ नर्मदा के सभी श्रद्धालुओं को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

SANJEEV AGRAWAL GLOBAL EDUCATIONAL (SAGE) UNIVERSITY
Sahara Bypass Road, Katara Hills Extension, Bhopal - (M.P.) 462022
WALK-IN INTERVIEW
Junior Research Fellowship (JRF) for MPCST Funded Project
on 01st May 2025
Title of Project : Formulation and Evaluation of Polyherb-Loaded Phytosomes for Immunodulatory Activity
Name of PI : Dr. Swati Pandey, Associate Professor, Sagar Institute of Research & Technology-Pharmacy, Sanjeev Agrawal Global Educational University, Bhopal
Note: The positions are on a temporary basis for a period of 2 yrs based on the satisfactory performance.
Venue : Admin Block, Sanjeev Agrawal Global Educational University, Bhopal
Registrar

SANJEEV AGRAWAL GLOBAL EDUCATIONAL (SAGE) UNIVERSITY
Sahara Bypass Road, Katara Hills Extension, Bhopal - (M.P.) 462022
WALK-IN INTERVIEW
Junior Research Fellowship (JRF) for MPCST Funded Project
on 01st May 2025
Title of Project : Development of an indigenous and novel plant growth promoting endophytic bacterial bacterial inoculants to boost crop yield in the tribal area of Chhindwara District for the promotion of sustainable agriculture
Name of PI : Dr. Govind Gupta, Assistant Professor, School of Agriculture, Sanjeev Agrawal Global Educational University, Bhopal
Note: The positions are on a temporary basis for a period of 2 yrs based on the satisfactory performance.
Venue : Admin Block, Sanjeev Agrawal Global Educational University, Bhopal
Registrar

SANJEEV AGRAWAL GLOBAL EDUCATIONAL (SAGE) UNIVERSITY
Sahara Bypass Road, Katara Hills Extension, Bhopal - (M.P.) 462022
WALK-IN INTERVIEW
Junior Research Fellowship (JRF) for MPCST Funded Project
on 01st May 2025
Title of Project : Validating *Ruta graveolens L.* The Cardiac Plant for Arthritis Treatment: A Scientific Exploration
Name of PI : Dr. Abhilasha Diwivedi, Associate Professor, School of Sciences, Sanjeev Agrawal Global Educational University, Bhopal
Note: The positions are on a temporary basis for a period of 2 yrs based on the satisfactory performance.
Venue : Admin Block, Sanjeev Agrawal Global Educational University, Bhopal
Registrar

भारतीय रेल




डिजिटल घड़ियों की डिज़ाइनिंग के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिता

प्रारंभ तिथि: 01.05.2025 अंतिम तिथि: 31.05.2025

**प्रस्तुतिकरण विधि:** उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली छवियाँ (न्यूनतम 300 डीपीआई, 2 एमबी से अधिक) बिना वॉटरमार्क या लोगो के **contest.pr@rb.railnet.gov.in** पर ईमेल के माध्यम से भेजी जानी चाहिए।

**मौलिकता:** प्रस्तुतियाँ मौलिक होनी चाहिए, बौद्धिक संपदा उल्लंघनों से मुक्त होनी चाहिए और मौलिकता का प्रमाणन साथ में संलग्न होना चाहिए।

**स्वामित्व:** चयनित डिज़ाइनों का कॉपीराइट भारतीय रेल के पास रहेगा।

**एक से अधिक प्रविष्टियाँ:** अलग-अलग मौलिकता प्रमाणन के साथ प्रस्तुत की जा सकती हैं।

| श्रेणी | प्रथम पुरस्कार | सांत्वना पुरस्कार |
|---|---|---|
| पेशेवर | ₹5,00,000/- | 50,000 रुपये प्रत्येक के 05 सांत्वना पुरस्कार |
| कॉलेज के छात्र (किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर रहे हों) | | 50,000 रुपये प्रत्येक के 05 सांत्वना पुरस्कार |
| स्कूली छात्र (12वीं कक्षा तक) | | 50,000 रुपये प्रत्येक के 05 सांत्वना पुरस्कार |

**अतिरिक्त लाभ:** ● सभी विजेताओं को मान्यता प्रमाणपत्र ● प्रत्येक विजेता और उसके एक साथी को उनके घर से पुरस्कार समारोह स्थल तक आने-जाने के लिए निःशुल्क 3ए-क्लास रेलवे पास

**महत्वपूर्ण दिशानिर्देश:** ● डिजाइन अभिनव, कार्यान्वयन के लिए व्यावहारिक होना चाहिए, तथा भारतीय रेल की भावना को प्रतिबिंबित करता हुआ होना चाहिए ● प्रतिभागियों को अपने डिजाइन के पीछे के विचार को स्पष्ट करते हुए एक संक्षिप्त अवधारणा नोट (300 शब्दों तक) प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ● किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी या कॉपीराइट उल्लंघन वाली प्रस्तुतियाँ अयोग्य घोषित कर दी जाएँगी

अधिक जानकारी और नियम व शर्तों के लिए भारतीय रेल की आधिकारिक वेबसाइट www.indianrailways.gov.in पर जाएँ।